प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 सोमवार** **दिनांक 23.06.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज रायपुर में सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ के जवानों से किया संवाद–वहीं, सुकमा में आईईडी विस्फोट में शहीद पुलिस अधिकारी के परिजनों से की मुलाकात।

2– सुकमा, दंतेवाड़ा, सूरजपुर, बैंकुठपुर, चिरमिरी जैसे दूरस्थ अंचलों के साथ ही कुल सत्रह नगरीय निकायों में खोली जाएंगी सेंट्रल लाइब्रेरी।

3– कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने आज रायपुर में राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक ली।

4– मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में छब्बीस जून से हो सकती है व्यापक वर्षा।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>केन्द्रीय गृहमंत्री–शहीद परिजन</u>**

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज रायपुर में सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ के जवानों से संवाद किया।

इससे पहले, केन्द्रीय गृह मंत्री ने नवा रायपुर में सुकमा में आईईडी विस्फोट में शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे के परिजनों से सौजन्य भेंट की। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें सांत्वना प्रदान की।

केंद्रीय गृह मंत्री ने शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे की वीरता और बलिदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी शहादत देश के लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश हमेशा उनके बलिदान का ऋणी रहेगा और उनकी शहादत को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। इस अवसर पर श्री शाह ने शहीद के परिजनों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ हर कदम पर खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री और मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर में बीजापुर के गंगालूर और उसूर विकासखंड से आए बच्चों और युवाओं से भी मुलाकात की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि मौसम खराब होने के कारण केन्द्रीय गृहमंत्री का आज प्रस्तावित नारायणपुर दौरा नहीं हो सका।

**केन्द्रीय गृहमंत्री–नक्सलवाद समीक्षा**

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कल शाम रायपुर में नक्सलवाद से निपटने पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में वाम उग्रवाद से ग्रस्त सात राज्यों के पुलिस महानिदेशक, अपर पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। श्री शाह ने कहा कि देश अगले वर्ष इकतीस मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। ब्योरा हमारे संवाददाता से –

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह न कहा है कि हर साल बारिश के मौसम में आराम करने वाले नक्सली इस मानसून में चैन की नींद नहीं सो पाएंगे, क्योंकि हमारे सुरक्षा बल अपना ऑपरेशन जारी रखेंगे। रायपुर में नक्सलवाद पर समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों द्वारा तैयार की गई सटीक रणनीतियों के आधार पर सरकार अगले साल मार्च तक देश को नक्सली समस्या से मुक्त बनाने का लक्ष्य जरूर हासिल कर लेगी। श्री शाह ने नक्सलवाद की राह पर भटके सभी युवाओं से हथियार डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों से किए गए सभी वादों को पूरा करेगी।**

**मध्य क्षेत्रीय परिषद–बैठक**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल उत्तरप्रदेश के वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की पच्चीसवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश राज्य शामिल हैं। इस बैठक में सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्री और दो वरिष्ठ मंत्री भी शामिल होंगे।

**सेंट्रल लाइब्रेरी–निर्माण**

सुकमा, दंतेवाड़ा, सूरजपुर, बैंकुठपुर, चिरमिरी जैसे दूरस्थ अंचलों में सेंट्रल लाइब्रेरी खोली जाएंगी। राज्य शासन ने इन नगरीय निकायों के साथ ही कुल सत्रह नगरीय निकायों में सेंट्रल लाइब्रेरी के साथ रीडिंग जोन के निर्माण के लिए एक सौ चौदह करोड़ पचास लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से राज्य के विभिन्न शहरों में अट्ठारह सेंट्रल लाइब्रेरी स्थापित की जाएंगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने मंत्रालय से विभागीय संचालक को सेंट्रल लाइब्रेरीज के लिए राशि की मंजूरी के संबंध में परिपत्र जारी कर दिया है।

**सचिन पायलट–बैठक**

कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने आज रायपुर में राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक ली। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत सहित कई पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

**श्यामा प्रसाद मुखर्जी–पुण्यतिथि**

राष्ट्र आज डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉक्टर मुखर्जी ने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस का परिचय दिया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में शिक्षाविद् और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में डॉक्टर मुखर्जी के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।

वहीं, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, रायपुर में उनकी प्रतिमा पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

**प्रयास विद्यालय–काउंसलिंग**

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित प्रयास विद्यालयों में चालू शैक्षणिक सत्र में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की मेरिट और प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। काउंसलिंग की प्रक्रिया रायपुर के गुढ़ियारी स्थित प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय में आज से शुरू हो गई है, जो सत्ताईस जून तक चलेगी। कांउसलिंग तिथि में विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेज, प्रवेश पत्र, निवास और जाति प्रमाण पत्र के साथ ही कक्षा आठवीं की अंकसूची के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

**केके श्रीवास्तव–गिरफ्तार**

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट लिमिटेड में ठेका दिलवाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में केके श्रीवास्तव को रायपुर पुलिस की टीम ने भोपाल से गिरफ्तार किया है। दस माह पहले रायपुर के तेलीबांधा थाने में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट लिमिटेड में पांच सौ करोड़ रुपए का ठेका दिलवाने का झांसा देकर पन्द्रह करोड़ रुपए वसूलने और धोखाधड़ी करने के मामले में केके श्रीवास्तव और उनके बेटे कंचन श्रीवास्तव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। तब से केके श्रीवास्तव और उनका बेटा फरार था। उनकी जमानत याचिका हाईकोर्ट से भी खारिज हो चुकी है। ईडी ने भी पचास करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग का मामला केके श्रीवास्तव के खिलाफ दर्ज किया है।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल...**

प्रदेश में छब्बीस जून से व्यापक वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तरप्रदेश के दक्षिणी भाग में स्थित है। वहीं, एक द्रोणिका उत्तरप्रदेश के दक्षिणी भाग से उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश, झारखंड, उत्तर ओड़िशा तक स्थित है। इसी तरह, एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। इसके असर से कल चौबीस जून को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने चेतावनी दी गई है।

**संक्षिप्त समाचार**

**अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– राज्यपाल रमेन डेका ने आज तुलसी शिक्षा और कल्याण समिति कांकेर द्वारा संचालित तुलसी शिशु मंदिर के भवन विकास के लिए दो लाख रूपए स्वेच्छानुदान मद से देने की घोषणा की है।

– राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर में नशीली दवाओं के सेवन और इनके अवैध तस्करी के खिलाफ आज नशा विरोधी रैली निकाली गई।

– दुर्ग पुलिस ने एक महिला और बच्चे की हत्या के मामले में दो चचेरे भाईयों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि कल ग्राम खम्हरिया में कुएं से महिला और बच्चा का शव बरामद किया गया था।

– बेमेतरा जिले में रायपुर–जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित शिवनाथ नदी के पुल से आज एक कार अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। इस हादसे में कार में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

– कबीरधाम जिले की चिल्फी पुलिस ने चांदी का अवैध परिवहन करते हुए चार लोगों को पकड़ा है। इनके पास से करीब चालीस लाख रुपए से अधिक की चांदी जब्त की गई है।

– फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर नौकरी लगाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के फरार आरोपी फैजान खां को आज मुंगेली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से फर्जी स्टाम्प पेड, सील, पेन ड्राइव, लैपटॉप और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>